आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :359 पृष्ठ -4 दिनांक 02 जनवरी 2025 दिन गुरूवार

# यूपी में भीषण ठंड के साथ नए साल का स्वागत

## 45 जिलों में कोल्ड डे अलर्ट, 5 डिग्री तक गिरा तापमान

उत्तर प्रदेश में कड़ाके की सर्दी और कोहरे के बीच नए साल का स्वागत हुआ. पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से मैदानी इलाकों में तेजी से मौसम में बदलाव आया है. शीत लहर की वजह से हाड़ कंपाने वाली सर्दी पड़ रही है. आलम ये हैं कि लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है. साल के पहले दिन मौसम विभाग ने कोल्ड डे अलर्ट जारी किया है. फिलहाल सर्दी से राहत मिलती नहीं दिख रही है. बुधवार को नोएडा–गाजियाबाद समेत कई जिलों में सुबह से ही घना कोहरा छाया है.



मौसम विभाग ने एक जनवरी बुधवार को कोल्ड डे का यलो अलर्ट जारी किया है. यूपी में आज ज्यादातर इलाकों में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है. लेकिन सुबह और शाम के कई जगहों पर मध्यम से घना कोहरा परेशान करेगा. आज अलग–अलग जगहों पर शीत दिवस रहने की चेतावनी जारी की गई है. 4 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर–पश्चिम भारत में एक्टिव हो रहा है. जिसका असर यूपी पर भी दिखेगा. पश्चिमी विक्षोभ के चलते 6 जनवरी को फिर से बारिश हो सकती है. प्रदेश में पिछले 48 घंटों में करीब 50 जिलों में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट आई, जिससे दिन के समय भी भीषण सर्दी का सामना करना पड़ा रहा है. वहीं न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है. पिछले 24 घंटों में बुलंदशहर में सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया. यहां न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ. मेरठ में 9.0, मुरादाबाद में 9.5 और मुजफ्फरनगर में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री तक रहा.  इन जिलों में कोल्ड डे अलर्ट यूपी में आज सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बागपत, मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, कांशीरामनगर, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, औरैया, हरदोई, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, मिर्जापुर, वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र में आज शीत दिवस का यलो अलर्ट जारी किया गया है. आज इन इलाकों में अत्यधिक ठंड पड़ने की संभावना है.

## देश के इन 24 मुख्यमंत्रियों से कम है .सीएम योगी आदित्यनाथ की संपत्ति



देश की 28 विधानसभाओं और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की संपत्तियों के मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ संपत्ति के मामले में 25वें नंबर पर है. यह जानकारी एडीआर की रिपोर्ट में सामने आई है. रिपोर्ट के अनुसार यूपी के सीएम के पास कुल 1 करोड़ 54 लाख 94 हजार 54 रुपये की संपत्ति है. रिपोर्ट के मुताबिक मुख्यमंत्री की कुल आय 13 लाख 20 हजार 653 रुपये है.  ।क्त की रिपोर्ट के अनुसार कुल संपत्तियों के मामले में सीएम योगी, बिहार, पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मिजोरम, उत्तराखंड, हरियाणा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, गोवा, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, मेघालय, असम, झारखंड, तेलंगाना, पुडुचेरी, मध्य प्रदेश, नगालैंड, कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से पीछे हैं. सीएम पुष्कर सिंह धामी 19वें नंबर परवहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बात करें तो वह इस लिस्ट में कुल संपत्तियों के मामले में 19वें नंबर पर है. सीएम धामी कुल 4 करोड़ 64 लाख 78 हजार 80 रुपये के मालिक हैं. वहीं उन पर 47 लाख 83 हजार 461 रुपये की देनदारी है. इसके अलावा उनकी आय 1 लाख 90 हजार 540 रुपये है. सबसे कम संपत्ति किसकी?सबसे कम संपत्ति पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास है. उनके पास कुल 15 लाख 38 हजार 29 रुपये की संपत्ति है. वहीं जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं, जबकि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं.।क्त की रिपोर्ट के अनुसार देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है. 13 मुख्यमंत्रियों पर आपराधिक मामले  ।क्त की रिपोर्ट में कहा गया है कि 13 (42 प्रतिशत) मुख्यमंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 10 (32 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें हत्या के प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी से संबंधित मामले शामिल हैं.

## UP में यहां मिलेगा 5 रूपये किलो .आटा, 6 में चावल, 18 रूपये में 1 kg चीनी, योगी सरकार का ऐलान



उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में महाकुंभ के मद्देनजर श्रद्धालुओं के भोजन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. महाकुंभ जिले में मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं. यहां पर कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है.कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को राशन के लिहाज से बेहद कम कीमत पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है. महाकुंभ में अखाड़ों–कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराया जाना है. इसके अलावा कल्पवासियों को 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी भी उपलब्ध कराई जाएगी. अखाड़ों और संस्थाओं को 800 परमिट की व्यवस्था है.भोजन पकाने के लिए गैस कनेक्शन की भी सुविधा कल्पवासियों लिए पकाने के लिए भी सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं. इस काम के लिए सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं. ये एजेंसियां कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही हैं. इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है. इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर है, उन्हें भी यहां पर रीफिल करा सकते हैं. तीन विशेष प्रकार के सिलेंडर भरने की व्यवस्था महाकुंभ में की गई है. इनमें 5 किलो, 14.2 किलो और 19 किलो के सिलेंडर भरे जा सकेंगे. मेला क्षेत्र में खुलेंगी राशन की 138 दुकानें महाकुंभ में अखाड़ों–कल्पवासियों और संस्थाओं को भोजन के लिए किसी प्रकार की समस्या न आने पाए, इस लिहाज से मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर विशेष इंतजाम किया गया है. साथ ही अन्न भंडार के पांच गोदाम भी तैयार किए गए हैं. इन गोदामों पर 6000 मीट्रिक टन आटा और 4000 मीट्रिक टन चावल और 2000 मीट्रिक टन चीनी भी रहेगी. हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी मेला क्षेत्र में दी जा रही इस विशेष सुविधा के अंतर्गत हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है. जनवरी से फरवरी अंत तक राशन की यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. साथ ही वन नेशन वन कार्ड की सुविधा भी प्राप्त होगी. 100 कुंतल सामान हर दुकान पर उपलब्ध कराया जा रहा है.

## फिरोजाबाद में किशोर के प्राइवेट पार्ट की सर्जरी कर बनाया किन्नर, पुलिस ने मुख्य आरोपी को दबोचा

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां एक किशोर के अंग को भंग कर उसे किन्नर बना दिया गया है. इस मामले में पुलिस ने एक किन्नर को गिरफ्तार कर लिया है. फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है.यह घटनाफिरोजाबाद के जसराना थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के मुताबिक, यहां एक किशोर को मनीषा नाम के किन्नर और उसके साथियों ने सर्जरी करवाकर किन्नर बना दिया. इसकी जानकारी मिलने पर पीड़ित किशोर के परिजन भी सकते हैं. सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.सर्जरी से हटवाया प्राइवेट पार्टजसराना पुलिस के मुताबिक, यह मामला लगभग 3 महीने पुराना है. यहां एक किशोर, मनीषा किन्नर और उसके साथियों के साथ काफी समय से रह रहा था. यह किशोर किन्नरों के साथ रहते हुए बिल्कुल उन्हीं के चाल चलन और व्यवहार के अनुकूल हो गया. इसके बाद मनीषा किन्नर और उसके एक अन्य साथी ने किशोर को भी किन्नर बनाने के लिए उसके प्राइवेट पार्ट की सर्जरी करवा कर हटवा दिया.किशोर का अंग भंग करना पीड़ित और उसके परिजनों को नागवार गुजरी. घटना के बाद से पीड़ित किशोर और उसके परिजन दहशत में हैं. पीड़ित परिजनों ने आरोपी मनीषा और उसके साथियों के साथ अंग भंग करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध जसराना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है.मुख्य आरोपी किन्नर गिरफ्तारपुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद नामजद मुख्य आरोपी मनीषा किन्नर, उसके एक साथ चिकित्सक की तलाश शुरू कर दी. पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद मनीषा किन्नर की साथी और एक चिकित्सक को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मनीषा किन्नर इस मामले में वांछित चल रही थी.मनीषा किन्नर की तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी. इसी क्रम में मनीषा किन्नर को पुलिस ने इटावा जनपद के थाना जसवंत नगर इलाके में दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है. मनीषा किन्नर की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है.

## उत्तराखंड में 26 जनवरी को लागू होगा UCC

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की है कि जनवरी 2025 से यह कानून राज्य में प्रभावी हो जाएगा. यह कदम उत्तराखंड को देश का पहला ऐसा राज्य बनाएगा, जहां समान नागरिक संहिता लागू होगी. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2022 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान यह वादा किया था कि यदि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आती है, तो राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी. भाजपा ने इस वादे को अपने चुनावी एजेंडे का मुख्य बिंदु बनाया और सत्ता में आने के बाद इसे अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू की. माना जा रहा था कि सरकार 1 जनवरी 2025 से ही यूसीसी लागू कर देगी. हालांकि निकाय चुनाव की अधिसूचना लागू होने की वजह से अब 23 जनवरी तक सरकार इसके संबंध में कोई ऐलान नहीं कर सकती है. ऐसे में धामी सरकार 26 जनवरी 2025 के दिन राज्य में यूसीसी लागू होने की घोषणा कर सकती है. उसी दिन सन् 1950 में देश में संविधान भी लागू हुआ था.27 मई 2022 को उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया. इस समिति ने व्यापक स्तर पर काम किया और राज्य के विभिन्न वर्गों, संस्थानों, और व्यक्तियों से सुझाव मांगे.2.30 लाख सुझावरू समिति को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 2.30 लाख सुझाव प्राप्त हुए. इन सुझावों को शामिल करते हुए प्रारूप तैयार किया गया समिति ने 2 फरवरी 2024 को अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी. इसके बाद 7 फरवरी 2024 को उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित किया गया. 12 मार्च 2024 को सरकार ने इस कानून की अधिसूचना जारी कर दी, जिससे यह कानूनी रूप से मान्य हो गया. इसके बाद 14 मार्च 2024 को नियमावली बनाने के लिए एक अलग समिति का गठन किया गया. मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि समान नागरिक सं. हता का मुख्य उद्देश्य महिला अधिकारों का संरक्षण है. इसके जरिए महिलाओं को उनकी संपत्ति, विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मामलों में समान अधिकार दिए जाएंगे. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह कानून समाज के सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखेगा और भेदभाव को समाप्त करेगा. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जानकारी दी कि समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए संबंधित विभागों और अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों को नए कानून की समझ और इसे लागू करने की प्रक्रिया में दक्ष बनाया जा रहा है.CM धामी ने क्या कहा?मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया कि राज्य में समान नागरिक संहिता का क्रियान्वयन जनवरी 2025 से शुरू हो जाएगा. उन्होंने कहा, ष्हमारा एक्ट बनकर तैयार हो चुका है. इसे लागू करने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है. यह कदम राज्य को सामा. जिक समानता और न्याय की ओर ले जाएगा समान नागरिक संहिता  एक ऐसा कानून है,

## पत्नी, बच्चों को कमरे में बंद कर कारोबारी की गला दबाकर हत्या

आज यानी 1 जनवरी 2025 से नए साल की नई शुरुआत हो चुकी है और नए साल के पहले दिन को लोग अलग–अलग अंदाज में मना रहे हैं. इसी बीच समाजवादी पार्टी के नेता और प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने भी नए साल के पहले दिन खास बनाते हुए अलग अंदाज में मनाया है.

सपा नेता अनुराग भदौरिया ने नए साल पर लोगों को शुभकामनाएं दीं औरकड़ाके की ठंड में गोमती नदी के किनारे हठ योग किया है, जिसका वीडियो भी उन्होंने अपने  सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर शेयर किया है.सपा नेता अनुराग भदौरिया ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर लिखा–ष्नये वर्ष में पूरी देश और दुनिया से आग्रह है नफरत और हिंसा की समाज में कोई जगह नहीं होनी चाहिये. इसके लिए  मैंने आज सुबह उठकर कड़ाके की ठंड में गोमती नदी के किनारे हठ योग किया. हठयोग से मानसिक तौर पर शांति मिलती है और व्यक्ति के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचय होता है. इंसान का शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाने में मदद करता है और दिव्य प्रभाव प्रतिपादित करता है. नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है.ष्नये वर्ष में पूरी देश और दुनिया से आग्रह है नफरत और हिंसा की समाज में कोई जगह नहीं होनी चाहिये। इसके लिए मैंने आज सुबह उठकर कड़ाके की ठंड में गोमती नदी के किनारे हठ योग किया। हठयोग से मान. सिक तौर पर शांति मिलती है और व्यक्ति के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचय होता है। बता दें कि सपा नेता और प्रवक्ता अनुराग भदौरिया अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं और हर मुद्दे पर वह बेबाक तरीके से प्रतिक्रिया देते हैं. टीवी डिबेट में भी वह मुद्दों पर आक्रामक तरीके से रहते हैं और उनके हरे कुर्ते के पहनावे की भी काफी चर्चा रहती है. इससे पहले भी उनके कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जो चर्चा का विषय रहे हैं. अब नए साल पर सपा नेता का हठ योग का वीडियो भी चर्चा में है जो खुद ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर शेयर किया .

# कनाडा से कतर और अमेरिका से चीन तक, जानें साल 2024 में कहां दिखी भारत की ताकत और कहां लगा झटका

भारत ने साल 2024 में वैश्विक स्तर पर कई उपलब्धि भी हासिल की और कई विवादों का भी सामना किया. ये साल इसलिए भी खास रहा क्योंकि इस बार पीएम मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आए और देश समेत दुनिया को ये संदेश दिया की उनकी जनता उनसे कितना प्यार करती है. उन पर विश्वास करती है कि पीएम अपने राजनीतिक अनुभवों के इस्तेमाल से भारत को जल्द ही वैश्विक ताकत बना देंगे. इसका सबूत भी देखने को मिला जब भारत दुनिया की 5वीं आर्थिक ताकत बनी.2024 में भारत ने कूटनीतिक परिस्थितियों का सामना किया, जिसमें क्षेत्रीय विवाद और वैश्विक संबंधों के उतार–चढ़ाव शामिल थे. चीन, बांग्लादेश, कनाडा, और ईरान जैसे देशों के साथ संबंधों ने इस वर्ष की कूटनीति को चुनौतीपूर्ण और निर्णायक बना दिया. भारत–बांग्लादेश संबंध बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का पद से हटना और उसके बाद की राजनीतिक उथल–पुथल ने भारत–बांग्लादेश संबंधों को नया मोड़ दिया. मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी. अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं पर बढ़ते हमलों को लेकर भारत ने चिंता व्यक्त की. बांग्लादेश ने इसे ष्आंतरिक



मामलाष बताते हुए भारत की चिंताओं को खारिज कर दिया, जिससे संबंधों में और तनाव बढ़ा.भारत–कनाडा के बीच कूटनी. तिक तनाव में बढ़ोतरी भारतीय अधिकारियों पर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने के आरोप ने द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर कर दिया. इस बीच राजनयिकों का निष्कासन, वीजा सेवाओं का निलंबन, और व्यापार वार्ताओं में ठहराव देखा गया. नवंबर में टोरंटो में भारतीय समुदाय पर हुए हमलों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया. हालांकि, भारत ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए प्रधानमंत्री ट्रूडो को सबूत पेश करने की चुनौती दी है. फिलहाल दोनों देशों के बीच तनाव बरकरार है.अमेरिका के साथ रॉ एजेंट विवाद अमेरिका ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप लगाया. भारत सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे ष्बिना आधार काष बताया. इसके अलावा इस्लामिक देश ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने भारत में मुसलमानों के साथ हो रहे कथित भेदभाव पर सवाल उठाए. भारत ने इन आरोपों को ष्गलत जानकारीष करार देकर तीखी प्रतिक्रिया दी. भारत की कूटनीतिक जीत अक्टूबर में भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में 54 महीने से चले आ रहे सीमा विवाद का समाधान किया. एलएसी पर 2020 से पहले की गश्ती व्यवस्था को बहाल कर संबंध सुधारने की दिशा में कदम उठाए गए. कैलाश मानसरोवर यात्रा और सीमा नदियों पर डेटा साझा करने जैसे पहलुओं पर सहमति बनी.कतर से नौसेना कर्मियों की रिहाई? आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को कतर में मौत की सजा से बचाकर रिहा कराया गया. यह उपलब्धि भारत और कतर के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का संकेत बनी. वहीं, भारत के पड़ोसी मुल्कश्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना. यह कदम दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनी. तिक सहयोग का प्रतीक था.चाबहार बंद. रगाह समझौता भारत ने ईरान के साथ 10 साल का चाबहार बंदरगाह समझौता किया.+370 मिलियन के इस निवेश ने भारत के मध्य एशिया और अफगानिस्. तान के संपर्क को मजबूत किया. इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 43 वर्षों में पहली बार कुवैत की यात्रा की. यात्रा का उद्देश्य ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देना और व्यापार संबंधों को मजबूत करना था.भारत की कूटनीतिक क्षमताओं का परीक्षण 2024 में भारत ने न केवल ऐतिहासिक विवादों को हल किया बल्कि उभरते वैश्विक संबंधों को भी संतुलित किया. यह साल भारत की कूटनीतिक क्षमताओं का परीक्षण था, जिसमें चुनौतियों और उपलब्धियों ने भारत के दुनिया भर में प्रभाव को बता दिया.

## होटल में खिलाया जाता है जूठा खाना, कस्टमर खुद बोले- हम यही खाने आते हैं



आपको कोई रेस्टोरेंट ऐसा खाना परोसे, जो दूसरे ग्राहकों के छोड़े हुए खाने से तेल निकालकार बनाया गया है तो आपको कैसा लगेगा. क्या आप उसे खाएंगे तो इसका जवाब होगा बिल्कुल नहीं. ठीक ऐसा ही एक मामला चीन के सिचुआन के एक हॉटपॉट रेस्टोरेंट में सामने आया है. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, यह रेस्टोरेंट बचे हुए पुराने तेल को रिसाइकल करता था और इसे नए तेल के साथ मिक्स करके खाना बनाता था. इस घटना के बाद स्थानीय सरकार ने कड़ा एक्शन लेते हुए हॉटपॉट रेस्टोरेंट पर एक्शन लिया है.इस घटना की शिकायत एक ग्राहक ने की थी. इसके बाद दक्षिण–पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत में नानचोंग मार्केट रेगुलेशन एडमिनिस्ट्रेशन ने 2 दिसंबर को इस रेस्टोरेंट पर छापा मारा और पूरी घटना की रिपोर्ट दी. नानचोंग मार्केट रेगुलेशन एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि रे. स्टोरेंट बचे हुए ष्पुराने तेलष से दोबारा खाना तैयार करता था.रेस्टोरेंट मालिक ने क्या कहा?रेस्टोरेंट मालिक चेन ने स्वीकार किया कि वे सितंबर से भोजन करने वालों के बचे हुए सूप बेस से मिर्च का तेल निकाल रहे थे और इसे सूप के फ्लेवर में सुधार और बिजनेस को बेहतर करने के लिए नए तेल के साथ मिला रहे थे. मार्केट रेगुलेशन एडमिनिस्ट्रेशन ने रेस्टोरेंट की रसोई में छापा मारते हुए पुराने तेल को जब्त कर लिया है और मामले को आगे की जांच के लिए स्थानीय पुलिस विभाग को ट्रांसफर कर दिया है. आपको बता दें कि चीन का खाद्य सुरक्षा कानून पहली बार 2009 में लागू हुआ है जो बचे हुए खाने के इस्तेमाल पर बैन लगाता है.सोशल मीडिया पर यूजर्स ने क्या कहा ?सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने कहा कि मसालेदार हॉटपॉट के लिए पुराने और नए तेल को मिलाना एक पारंपरिक प्रथा है और इससे स्वाद बढ़ जाता है. हालांकि एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने खाद्य सुरक्षा पर चिंता करते हुए कहा कि रिसाइकल खाने के सामान से संक्रामक रोग होने का खतरा है.

## बदल जाएंगी ब्याज की दरें, हेल्थ और .एजुकेशन में भी होंगे बड़े बदलाव, जानिए नये साल में क्या कुछ होगा



नई दिल्ली। नये साल के मौके पर देश और दुनिया को काफी बेहतरी की उम्मीदें हैं। साल 2025 की शुरुआत के बाद से ही देश में काफी कुछ बदलने जा रहा है। जहां रेपो रेट में कमी आने की उम्मीद है, वहीं ट्रांसपोर्ट से लेकर एजुकेशन और हेल्थ से लेकर पर्यटन में कई बड़े बदलाव होंगे।वित्तीय क्षेत्र में बदलाव साल 2025 में महंगाई दर 4 से 4.5 फीसदी रहने का अनुमान है। इस दौरान रेपो रेट में कमी आ सकती है। रेपो रेट के 0.75 फीसदी तक कम होने का अनुमान है, जिससे लोन के ब्याज दर में भी कमी आ सकती है। वहीं ईपीएफ सब्सक्राइबर अब कार्ड से भी विड्रॉल कर सकेंगे। ईपीएफ जमा का 50 फीसदी हिस्सा कार्ड से निकाला जा सकेगा। इसकी घोषणा जनवरी में की जा सकती है। वहीं 31 जनवरी से टॉप 500 शेयरों के लिए वैकल्पिक ज़0 सेटलमेंट उपलब्ध होगा। इसका मतलब यह हुआ कि शेयर बेचने पर उसी दिन अकाउंट में पैसा आ जाएगा। न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत शिक्षण सत्र 2025–26 में 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार कराई जाएंगी। इन दोनों के बीच में 6 महीने का फर्क रखा जाएगा। यूनिवर्सिटी और कॉलेज में साल में दो बार एडमिशन प्रोसेस होगा।नये शिक्षण सत्र 2025–26 से छात्र एक साथ दो यूजी या पीजी कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। क्लास 9 से 12 तक की किताबें 20 फीसदी तक सस्ती हो जाएंगी। वहीं किंडर गार्डन से क्लास 8 तक की हर किताब 65 रुपये में उपलब्ध होगी।ग्रेटर नोएडा में स्थित जेवर एयरपोर्ट पर आवागमन इस साल अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वहीं नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी मई से ऑपरेशनल हो जाएगा। इसके अलावा दिल्ली–मुंबई के बीच बन रहा 1300 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस–वे अक. टूबर तक शुरू हो जाने की उम्मीद है। स्पेस औरा कंपनी स्पेस बैलून से अंतरिक्ष में यात्रा करवाने जा रही है। देश में यह इस तरह का पहला प्रयास होगा। यह बैलून 35 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाएगा।स्पोर्ट्स सेक्टरदेश में पहली बार खो–खो वर्ल्ड कप का आयोजन 13 जनवरी से होने जा रहा है। ये आयोजन नई दिल्ली में होगा। इसमें दुनिया के 16 देश हिस्सा लेंगे। ये आयोजन 19 जनवरी तक चलेगा।वहीं आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच खेली जाएगी। ये मैच पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। भारत और पाकिस्तान इस टुर्नामेंट में 23 फरवरी को दुबई में भिड़ेंगे। वहीं अमेरिका में फीफा क्लब वर्ल्ड कप 15 जून से 13 जुलाई तक होगा। हेल्थ सेक्टर रूस इस साल कैंसर वैक्सीन लॉन्च करेगा। इस वैक्सीन का सक्सेस रेट 100 फीसदी रहा है। वहीं भारत में टी–सेल थेरेपी से भी मेडिकल जगत को उम्मीद जगी है। टाइप 2 डाइबिटीज टिर्जेपटाइड ड्रग को भारत ने मंजूरी दे दी है। इस साल यह भार में आ जाएगी।केंद्र सरकार ने 2025 में भारत से टीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। पर्यटन सेक्टर इस साल प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। शाही स्नान 14 जनवरी, 29 जनवरी, 3 फरवरी को होगा। अयोध्या में राम मंदिर के दूसरे चरण का काम भी जून 2025 तक पूरा हो जाएगा। वहीं वाराणसी में 4 किलोमीटर लंबे रोप–वे प्रोजेक्ट का काम जून तक पूरा हो जाएगा।

## 2025 आपके लिए खुशियां लेकर आए, नए साल पर राष्ट्रपति मुर्मु और PM मोदी ने देशवासियों को दी बधाई



नए साल 2025 का आगाज होते ही पूरा देश जश्न में डूब गया है। देर रात से ही एक दूसरे को शुभकामना संदेश देने का सिलसिला चल पड़ा है। पीएम मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट लिखकर देशवासियों को बधाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक्स पर लिखा–सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं! 2025 का वर्ष सभी के लिए खुशियां सद्भाव और समृद्धि लेकर आए।नए साल 2025 का आगाज हो चुका है। दुनियाभर में नए साल का जश्न मनाया जा रहा है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, राजनाथ सिंह समेत कई ने. ताओं ने भी देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा– नया साल सभी के जीवन में सुख और समृद्धि लाए। '2025 की ढेर सारी शुभकामनाएं। यह वर्ष सभी के लिए नए अवसर, सफलता और अंतहीन आनंद लेकर आए। सभी को बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।श्राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा–श्सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं! 2025 का वर्ष सभी के लिए खुशियां, सद्भाव और समृद्धि लेकर आए! इस अवसर पर, आइए हम भारत और विश्व के लिए एक उज्जवल, अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता का एक नया संकल्प लें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राहुल गांधी ने देशवासियों को नए साल की बधाई देते हुए लिखा, श्आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं, आशा करता हूं यह वर्ष आपके जीवन में नव उमंग, नव उल्लास और खुशियां लेकर आए।।

## नए साल पर खुशखबरी, LPG सिलेंडर हुआ सस्ताय पढ़ें दिल्ली से मुंबई तक के ताजा दाम

, नई दिल्ली। नए साल पर एलपीजी ग्राहकों के लिए सुबह–सुबह अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल साल के पहले दिन एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में दिल्ली से मुंबई तक और कोलकाता से चेन्नई तक कटौती की गई है। सिलेंडर आज 14 रुपए 50 पैसे सस्ता हो गया।ये राहत 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में मिली है। वहीं खाना पकाने के लिए 14 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है।कहां कितनी हुई कीमत? दिल्ली में 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर अब 1804 रुपए का मिलेगा। बीते 1 दिसंबर को इसकी कीमत 1818.50 रुपए थी। यानी इसमें 14 रुपए 50 पैसे की कटौती की गई है।मुंबई में एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 15 रुपये की कटौती हुई है। 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 1771 रुपये की जगह 1756 रुपये हो गया है।कोलकाता में 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1980.50 रुपये की जगह 1966 रुपये हो गई है।कोलकाता में एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 16 रुपये की कटौती हुई है। कमर्शियल सिलेंडर 1927 रुपये की जगह 1911 रुपये हो गया है। वहीं पटना में अब यही सिलेंडर 2072.5 की जगह 2057 रुपए में मिलेगा वहीं चेन्नई की अगर बात करें तो चेन्नई में आज से 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 1966 रुपए का मिलेगा। बीते महीने दिसंबर में इसके दाम 1980.50 रुपए थे। यानी चेन. नई में भी सिलेंडर को 14.5 रुपए सस्ता किया गया है।दिसंबर में बढ़े थे दाम दिसंबर महीने में एलपीजी सिलेंडर महंगा हुआ था। सरकारी तेल कंपनियों ने कम. र्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिये थे। इंडियन ऑयल के अनुसार, 19 किलो वाले स्च्ळ सिलेंडर की कीमत में 16.50 का इजाफा हुआ था। इससे पहले भी नवंबर महीने में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर महंगा हुआ था। आपको बता दें कि सरकारी तेल कंपनियां महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर के दाम तय करती हैं।

## New Year 2025 नववर्ष का धमाकेदार आगाज... दिल्ली से मुंबई तक जश्न, आतिशबाजी से गूंजा आसमां



भारत के साथ ही पूरी दुनिया में नए साल का जश्न शुरू हो गया है। कड़कड़ती ठंड में भी लोग घरों से बाहर निकल कर एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। देश के कोने–कोने में आतिशबाजी कर साल 2025 का ग्रैंड वेलकम किया जा रहा है। साल 2025 में प्रयागराज का महाकुंभ, इसरो का चंद्र मिशन आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा, सियासी चौसर पर कई अहम सवालों के जवाब मिलेंगे। भारत के बाहर भी कई अहम चुनाव होने हैं, जिसमें पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के अलावा, कनाडा, जर्मनी, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले चुनावों पर भी दुनियाभर की नजर रहेगी। साल 2024 खत्म हो चुका है। नए साल 2025 की शुरुआत हो चुकी है। पूरी दुनिया में नए साल का जश्न मनाया जा रहा है। दुनिया के पूर्वी कोने से नए साल का आरंभ हुआ। दुनियाभर में लोग नए साल का जश्न में मना रहे हैं।महाराष्ट्र के नागपुर और मुंबई में लोगों ने नववर्ष 2025 का स्वागत धूमधाम से किया। कहीं लोगों ने फूलों से नववर्ष लिखकर दीप जलाए तो कहीं नाच–गाकर नए साल का जश्न मनाया। जम्मू–कश्मीर के ऐतिहासिक लाल चौक पर एकत्र होकर लोगों ने नववर्ष 2025 का जश्न मनाया। इस दौरान लाल चौक का घंटा घर तिरंगे के रंग से सरावोर दिखा। इसके अलावा, बड़ी स्क्रीन पर हैप्पी न्यू ईयर 2025 लिख नए साल का स्वागत किया गया। केरल में नववर्ष 2025 का स्वागत कुछ इस अंदाज में किया गया। लोगों ने सफेद लाइटों से 2025 लिखा, जो काफी आकर्षक दिखाई दिया।

पंजाब की धर्मनगरी अमृतसर में भी नववर्ष का आगाज हुआ। बड़ी संख्या में लोग स्वर्णमंदिर पहुंचे और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। इस मौके पर स्वर्ण मंदिर की विशेष सजावट की गई है।

चेन्नई में पुलिस कर्मियों ने भी ड्यूटी के दौरान समय निकालकर नववर्ष 2025 का जश्न मनाया। उन्होंने आम नागरिकों के साथ केक काटा। एक–दूसरे को केक खिलाकर नए साल की शुभकामनाएं दीं। मध्यप्रदेश के शहर भोपाल में नववर्ष 2025 का युवतियों ने खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने अपने हाथों में 2025 लिखे बैलून पकड़कर हवा में छलांग लगाई। युवतियों द्वारा नए साल का स्वागत करने का यह अंदाज देखते ही बन रहा था।

# बच्चा चोरी पर देने होंगे, 3 लाख लगेंगे नर्स बोली- 2.5 लाख डॉक्टर साहब लेंगे

## अलीगढ़ के 3 अस्पतालों का नाम आया सामने

अलीगढ़ में निजी अस्पतालों में नवजात शिशुओं की खरीद फरोख्त करने का एक मामला सामने आया है। इसमें एक नर्स बच्चे के लिए परेशान दंपत्ति से नवजात बच्चे का सौदा कर रही है। नर्स व्यक्ति से बता रही है कि उसे 3 लाख रुपए में बच्चा मिल जाएगा।बच्चे के लिए परेशान व्यक्ति ने जब पूछा कि कुछ रुपए कम हो जाएंगे, तो नर्स ने जवाब दिया कि इसमें 2.5 लाख रुपए डॉक्टर साहब लेते हैं। 50 हजार रुपए मुझे चाहिए होंगे। अब यह ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।शहर के तीन अस्पतालों के आ रहे नाम वायरल हो रहे ऑडियो में अलीगढ़ शहर के तीन अस्पतालों के नाम आ रहे हैं। इसमें दो नर्स आपस में बात कर रही है। इसमें जीवन ज्योति हॉस्पिटल की नर्स दूसरे अस्पताल माही हॉस्पिटल की नर्स से बात कर रही है। जिसमें बता रहे हैं कि एक दंपत्ति को बच्चे की जरूरत है।इसके बाद बच्चे के रेट तय किए जा रहे हैं। इसमें नर्स कह रही है कि रुपए में सभी का हिस्सा है और डॉक्टर को भी रुपए देने पड़ते हैं। माही हॉस्पिटल और जीवन ज्योति हॉस्पिटल के साथ ही इस बातचीत में बरौला बाईपास स्थित मेराज हॉस्पिटल का नाम भी आया है। इन सभी की जांच की जा रही है।एसीएमओ को सौंपी गई मामले की जांच सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। ऑडियो की जांच कराई जा रही है और एसीएमओ को इस मामले की जांच सौंप दी गई है।

## पाकिस्तानी लड़की से प्यार, बिना वीजा-पासपोर्ट के बाबू पहुंचा सीमापार, परिजन कर रहे अब इंतजार





उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के बाबू ने पड़ोसी देश की सरहद पार करके अपनी जिंदगी दांव पर लगा दी है. सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी युवती से प्रेम हुआ तो अलीगढ़ के बाबू के द्वारा बिना वीजा और पासपोर्ट के सरहद को पार कर लिया, इसके बाद पाकिस्तानी पुलिस के द्वारा बाबू को हिरासत में ले लिया है. दरअसल पूरा मामला जिला अलीगढ़ का है जहां के रहने वाले बादल उर्फ बाबू की प्रेम कहानी इन दिनों सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है. इसको लेकर कुछ ला.`गों के द्वारा दुश्मन की सीमा पार करने और बिना वीजा-पासपोर्ट के सरहद में प्रवेश करने की प्रशंसा की जा रही है तो कुछ के द्वारा पाकिस्तान से बाबू को सकुशल वापस लाने की मांग भारत सरकार से की जा रही है. अलीगढ़ जिले के बरला थाना क्षेत्र के नगला खिटकारी गांव के रहने वाले 30 वर्षीय बादल उर्फ बाबू को सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी महिला से प्यार हुआ. इस प्यार में बाबू इतना मग्न हो गया कि उसने अपने घर को छोड़कर पाकिस्तान जाने का फैसला कर लिया. उस पर बिना उचित वीजा या दस्तावेज के सीमा पार करने का आरोप लगाया गया है. बादल बाबू को पाकिस्तान के मोजा मोंग क्षेत्र के पास सीमा में घुसने और संदिग्ध गति. विधियों के कारण गिरफ्तार किया गया है.यह घटना 27 दिसंबर की बताई गई है. सूत्रों की माने तो पाकिस्तान पुलिस की पूछताछ में बादल ने बताया कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी महिला से जुड़ा था और उससे मिलने के लिए पाकिस्तान आया था. 30 नवंबर को पिता ने बाबू से की आखिरी बार बा.तअलीगढ़ जिले के बरला थाना क्षेत्र के नगला खिटकारी निवासी 30 वर्षीय बादल बाबू, पुत्र कृपाल सिंह, दिल्ली में एक कपड़ा सिलाई कंपनी में कार्यरत है. परिवार में तीन भाइयों में वह दूसरे स्थान पर है. परिजनों का कहना है कि दिल्ली में रहते हुए बादल बाबू ने फेसबुक पर एक पाकिस्तानी युवती से बातचीत शुरू की. कृपाल सिंह ने बताया कि बादल बाबू दिवाली के करीब 20 दिन पहले घर लौटा था. जाने से पहले उसने अपने पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज घर पर छोड़कर दिल्ली चला गया. पिता के अनुसार, 30 नवंबर को उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए बेटे से बात की थी, जिसमें बेटे ने बताया कि उसका काम पूरा हो गया है. इसके बाद से बेटे से कोई संपर्क नहीं हुआ. क्या कहती है पाकिस्तान की पुलिसपाकिस्तान पुलिस के मुताबिक, जब बादल बाबू से वीजा या अन्य दस्तावेज मांगे गए तो उसने कुछ नहीं दिखाया. इसी कारण उसे पाकिस्तान के विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 13 और 14 के तहत गिरफ्तार किया गया है. जिसको लेकर परिजनों की चिंता बढ़ गई है. पाकिस्तान पुलिस ने आरोप लगाया है कि बादल बाबू ने पहले भी दो बार भारत-पाकिस्तान सीमा पार करने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया था. तीसरी बार

वह आखिरकार पाकिस्तान पहुँचने में कामयाब रहा.पाकिस्तान कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजापाकिस्तान में बादल ने अपनी फेसबुक पर महिला मित्र से मिलने का प्रयास किया था. उसे मंडी बहाउद्दीन क्षेत्र से बिना वैध दस्तावेज और वीजा के पकड़ा गया है. पाकिस्तान में बादल बाबू को अदालत में पेश किया गया है, जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया गया है. पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश में है कि युवक का पाकिस्तान में प्रवेश सिर्फ प्रेम के कारण था या इसके पीछे कोई और उद्देश्य था.क्या कहते हैं अधिकारीइस पूरे मामले पर जानकारी देते हुए योगेंद्र मलिक सीओ एलआईयू द्वारा बताया गया कि बरला थाना क्षेत्र के नगला खिटकारी के बादल बाबू को पाकिस्तान में पकड़े जाने की खबर सोशल मीडिया के जरिए सामने आई है. इस संबंध में अभी तक पाकिस्तान या भारतीय दूतावास से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है. फिर भी परिजनों के साथ बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी जुटाई जा रही है.

## कमिश्नर, डीएम-सीडीओ एवं एडीएम ने रात्रि भ्रमण कर जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

अलीगढ़ नव वर्ष के शुभ आगमन से पहले सर्द रात्रि में गरीब लोगों का हाल जानने एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए आयुक्त, अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ चौत्रा वी0, जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम वित्त मीनू राणा रात्रि भ्रमण पर निकले। प्रमुख स्थानों पर भ्रमण के दौरान उन्होंने खुले आसमान के नीचे बैठे लोगों से बात कर हाल-चाल जाना और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। कंबल प्राप्त कर लोगों ने प्रदेश सरकार समेत अधिकारियों का आभार प्रकट किया। इसके अलावा, सड़क किनारे, डिवाइडर, पार्कों या खुले आ.समान के नीचे सोने को मजबूर व्यक्तियों को पहचान कर उन्हें रैन बसेरों में पहुँचाया गया।यह पहल शीतलहर से सुरक्षित रहने और बेसहारा लोगों की सहायता के लिए की गई, जोकि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की संवे.दनशीलता और जनहित की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने सभी रैन बसेरों का संचालन सुनिश्चित किए जाने के साथ ही सभी चिन्हित स्थलों पर अनिवार्य रूप से अलाव जलवाने के भी निर्देश दिए।मंडलायुक्त एवं डीएम ने रात्रि भ्रमण के दौरान मसूदाबाद एवं सारसौल बस अड्डा, नौरंगीलाल इंटर कॉलेज एवं गांधी पार्क क्षेत्र में बने अस्थाई एवं स्थाई शेल्टर होम का निरीक्षण करते हुए सर्दी से सुरक्षित रहने के लिए आसरा पाए लोगों से बातचीत कर सुविधाओं को भी परखा। कमिश्नर चौत्रा वी. ने प्रशास.निक, निगम एवं निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीषण सर्दी एवं शीत लहर से गरीब एवं असहाय लोगों को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनको कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में सड़क किनारे फुटपाथ पर सोता मिले तो नजदीक के रैन बसेरे के बारे में बताएं और यथा संभव पहुंचाएं। मंगलवार की रात्रि में एडीएम वित्त मीनू राणा ने भी रैन बसेरे का भ्रमण कर बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। मण्डलायुक्त



चौत्रा वी0 ने कंपनी बाग, आगरा रोड स्थित नगर निगम द्वारा संचालित स्थाई शैल्टर होम का निरीक्षण किया। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान 37 पुरुष और 04 महिलाएं आसरा लिए पाए गए। मौके पर अलाव जलते पाया गया। गाँधी पार्क शैल्टर होम का निरीक्षण करने के उपरांत नौरंगीलाल इंटर कालेज एवं केला नगर चौराहे पर स्थापित अस्थायी शैल्टर होम का निरीक्षण किया। मौके पर 44 पुरुष आराम करते पाए गए। कोई महिला नहीं पाई गई। सीसीटीवी क्रियाशील पाया गया। सारसौल बस अड्डा शेल्टर होम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कोल दि.ग्विजय सिंह, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार, वीर सिंह समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संस्कृति उत्सव के तहत प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

अलीगढ़ उ0प्र0 पर्व- हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव-2024 के तहत ग्राम, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिताएं तहसील मुख्यालय पर 02 से 05 जनवरी के मध्य आयोजित की जाएंगी।प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग द्वारा मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र के क्रम में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने एवं प्रतिभावान कलाकारों को मुख्य धारा में लाकर उनका सम्मान करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील मुख्यालय पर गायन, वादन एवं नृत्य विधाओं में प्रतियोगिताओं में चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता 07 एवं 08 जनवरी को जिला मुख्यालय, 10 से 12 मण्डल मुख्यालय, 18 से 20 जनवरी को प्रदेश की राजधानी मुख्यालय एवं अंतिम रूप से चयनित सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां, सम्मान एवं पुरस्कार 24 से 26 जनवरी को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में की जाएंगी।

## नगर निगम स्काई टावर सोसायटी ने .धूमधाम से किया नव वर्ष का स्वागत

अलीगढ़ ।पुराने शहर की नवनिर्मित सोसायटी नगर निगम स्काई टावर में स्काई टावर समिति के सौजन्य से नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन ज्योति अग्रवाल एवं वंदना माहेश्वरी द्वारा किया गया।वहीं महिलाओं द्वारा ग्रुप डांस,कपल डांस का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से नीरज शिखा पाठक,मोहित आंकाक्षा जैन,धीरेन्द्र भावना,वरुण राखी, वर्षा गुप्ता,नूतन यादव,ऋचा त्रिपाठी, निरुपमा,पूजा जैन,रुबी अग्रवाल,रूबी यादव,स्वाति माहेश्वरी एवं बच्चों में विधि जैन,खुशी,पंक्ति,आनवी,अवधि,क्यूटी, दिशी आदि ने नववर्ष का स्वागत किया। इस दौरान सभी ने स्वरूचि भोजन का आनंद लिया और समिति के अध्यक्ष संजय यादव,मंत्री अतुल कुमार,कोषाध्यक्ष मोहित जैन ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में 80 से अधिक परिवारों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रमुख रूप से संतोष माहेश्वरी,नितिन माहेश्वरी,धर्मेन्द्र माहेश्वरी,सुनील गुप्ता,ललित शर्मा,दिनेश जैन,कौशल किशोर यादव,सुनीता यादव, विकास वार्ष्णेय,अभिषेक सक्सैना और डॉ.अमित आदि लोग मुख्य रूप से उप.स्थित रहे।

## सीडीओ ने लोधा के ग्राम ताजपुर रसूलपुर में आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण



अलीगढ़ मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा विकास खण्ड लोधा की ग्राम पंचायत ताजपुर रसूलपुर स्थित आरआरसी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि आरआरसी केन्द्र का निर्माण वर्ष 2023-24 में हुआ है। ग्राम में 01 कूडा गाडी कियाशील है, जिसको चलाने के लिए पंचायत द्वाराएक अतिरिक्त सफाई कर्मचारी रखा गया है। कूडा गाडी प्रतिदिन 200 परिवारों से घर-घर जाकर कूडा एकत्र करती है। गाँव में अब तक लगभ 54 हजार रूपये स्वच्छता शुल्क के रूप में संग्रहित किए गए हैं। एकत्रित कूडे का पृथक्कीकरण कर उससे वर्मी कम्पोस्ट खाद बनायी जाती है।मुख्य विकास अधिकारी ने कचरा से कंचन केन्द्र पर पेन्टिंग कराने एवं ऐसे उद्यम जो स्वच्छता संग्रहण शुल्क नहीं दे रहे है, उनसे सम्पर्क कर शुल्क संग्रहित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आरआरसी सेंटर को नियमित रूप से क्रियाशील रखा जाए ताकि ग्राम में स्वच्छता स्थापित हो सके। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी लोधा, प्रधान ग्राम, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, सफाई कर्मचारी उप.स्थित रहे।

## हाथरस जंक्शन पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद



हाथरस। पुलिस अधीक्षक चि.रंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार फरार, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । जिसका नाम बिजेन्द्र कुमार पुत्र हरेन्द्रपाल सिंह निवासी गढी धारू थाना हाथरस जक्शन जनपद हाथरस है।जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर व दो खोखा कारतूस 12 बोर बरामद हुए है । अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के नाम थाना प्रभारी योगेश कुमार मय टीम थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस है।

## दवा लेने जा रही महिला को ट्रक ने कुचला, मौत

कासगंज के आफीसर कॉलोनी निवासी मंजू देवी (50) पत्नी कृष्ण अवतार के सीने में फोड़ा था। गांव भिलावली निवासी एक वैद्य के यहां से उनकी दवा चल रही थी। 31 दिसंबर की सुबह करीब आठ बजे वह वैद्य के पास से दवा लाने के लिए अपने घर से निकली थीं। बस से भिलावली मोड़ पर उतरने के बाद गांव भिलावली जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थीं।इसी बीच अलीगढ़ की ओर से आए तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी मंजू देवी को कुचल दिया। उनका सिर ट्रक के पिछले पहिये के नीचे आ गया, जिससे मौत हो गई। खबर पाकर परिजन भी रोते हुए मौके पर पहुंच गए। मंजू देवी अपने दो बेटों सहित परिजन को रोते हुए छोड़ गई हैं।

## सीडीओ विकास भवन में 02 जनवरी को करेंगे 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय बैठक

अलीगढ़ मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 02 जनवरी को प्रातः 10 बजे से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय बैठक आहुत की जाएगी।मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से आव्हान किया है कि वह अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्रय गृह एवं रैन बसेरा

## कासगंज शहर का निरीक्षण कर जरूरतमंदो को कम्बल वितरित किये गये



सम्बाददाता,अमित कुमार जनपद कासगंज जिलाधिकारी कासगंज मेधा रूपम एवं पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा द्वारा शीतलहर के दृष्टिगत कासगंज शहर व सोरों क्षेत्र में भ्रमण कर सराहनीय कार्य किये गए जहां आश्रय गृह कासगंज, रैन बसेरा कासगंज बस स्टैण्ड एवं रैन बसेरा सोरों का निरीक्षण कर सर्दी से बचाव हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया गया एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये गये

## समाज में जागरूकता अभियान चलाने का दिशा निर्देश जारी-मानव अधिकार मिशन भारत जनपद कासगंज



सम्बाददाता – अमित कुमार जनपद कासगंज, मानव अधिकार मिशन भारत जनपद कासगंज परिवार ने गरीब,असहाय,व पीड़ित लोगों की हर सम्भव सहायता करने का बीड़ा उठाया है। इसके साथ ही इस संगठन द्वारा जगह जगह मीटिंग व बैठक की जाती हैं कि हर सम्भव समाज की सेवा का प्रयास रहना चाहिए ताकि किसी भी पीड़ित को हर सम्भव न्याय मिल सके। इसी कड़ी में नव वर्ष के उपलक्ष्य में आज जिला कार्यालय पर इस महीने की मीटिंग संपन्न की। और साथ ही नए पदाधिकारीयों को संगठन में जुड़ने पर बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष कुलदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न की गई। संगठन को समाज में जागरूकता अभियान चलाने का दिशा निर्देश जारी किया। जिससे जनपद में पीड़ित लोगों को न्याय व मदद मिल सके इसके साथ ही संगठन को एक मजबूती व जागरूकता मिले।

## अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी एवं चोरी किया हुआ समान बरामदगी के लिए लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा है।



एटा सौहार नगला पाल निवासी सुनीता देवी पत्नी राजवीर सिंह एटा स्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने प्रार्थना पत्र देते हुए करीब एक माह पूर्व हुई चोरी का खुलासा नहीं होने पर अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी एवं चोरी किया हुआ समान बरामदगी के लिए लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा है।पुलिस कप्तान श्याम नारायण सिंह चूंकि किसी जरूरी मीटिंग में व्यस्त थे ऐसे में परिवार सी ओ सदर से मिला है वहीं पीड़ित परिवार के प्रार्थना पत्र की सुनबाई करते हुए सीओ सदर ने थाना प्रभारी मलावन को जल्द चोरों की गिरफ्तारी के निर्देश देते हुए माल बरामदगी के निर्देश दिए हैं।जानकारी के अनुसार एक माह पूर्व पीड़िता के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। गांव में ही रात में देवी जागरण हो रहा था तभी अज्ञात चोरों ने घर के अंदर बक्से में रखे सोने चांदी के आभूषण चुरा लिए और खाली बक्शे को खेत में फेंक कर फरार हो गए सूचना मिलते ही मलावन थाना पुलिस मौके पर पहुंची घटना स्थल का निरीक्षण किया और पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली।क. रीब एक माह बीत गया लेकिन मलावन थाना पुलिस चोरों का पता नहीं लगा सकी है। फरियाद लेकर पहुंची महिला ने चोरों को गिरफ्तार करने और चोरी किए माल बरामद करनेपुलिस से गुहार लगाई है।मामले पर थाना प्रभारी नित्यानंद पांडे ने बताया कि चोरों की तलाश में टीमें लगी हुई है जल्द ही अपराधियों के गिरफ्तार कर लिया जाएगा और माल बरामदगी की जायेगी।

## कासगंज चोरी के शक में युवक को थाने ले आई .पुलिस, जमकर पीटा...पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

कासगंज, ररू वाहन चोरी के शक में एक युवक को अमांपुर थाना पुलिस ने बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। उसे बिना जुर्म किए ही चार पु. लिसकर्मियों ने जुर्म कबूल कराने के लिए रात भर दबाव डालती रही। बाद में उसे छोड़ दिया गया। पुलिस की पिटाई से घायल युवक ने एसपी से शिकायत कर चिकित्सीय परीक्षण कराने की मांग की। शहर के इस्लाम नगर निवासी इस्लाम नबी पुत्र मुन्ने बाबू ने एसपी अंकिता शर्मा को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि अमांपुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के शक में 30 दिसंबर को घर से उठाकर ले गई। आरोप है कि चार पुलिस वालों ने शाम के पांच बजे हवालात से निकाल कर पूछताछ के लिए बुलाया। जहां हॉकी और डंडा निकाल कर उसके साथ जमकर मारपीट की। साथ ही जो जुर्म उसने किया ही नहीं, उसे कबूल कराने के लिए दबाव बनाया। कहा गया कि तू किसी ओर का नाम ले दे, तुझे छोड़ दिया जाएगा। बाद में पुलिस ने युवक को बेकसूर समझ कर छोड़ दिया। पुलिस की मार से युवक के गंभीर और गुम चोटें आई हैं। उसने एसपी अंकिता शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर चिकित्सीय परीक्षण कराने की मांग की है। एसपी ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए जांच पड़ताल के निर्देश दिए हैं। पुलिस एसपी के निर्देश पर जांच कर रही है।

### कासगंज पुलिस ने खुशी रेस्टोरेंट में मारा छापा आपत्तिजनक वस्तुओं समेत 5 लड़की व 4 लड़कों को लिया हिरासत में

कासगंज में खुशी रेस्टोरेंट पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट से कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई है। इसके साथ–साथ ही रेस्टोरेंट के ऊपर कमरों से 5 लड़की और 4 लड़कों को हिरासत में लिया गया है। जिन्हें पुलिस ने थाने भेज कर पूछताछ कर रही है।आपको बता दें कासगंज शहर के बाकनेर पर खुशी रेस्टोरेंट है। जहां स्थानीय लोगों के मुताबिक खुशी रेस्टोरेंट में कई अवैध कार्य लंबे समय से चल रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को नहीं थी।सूचना लगते ही पुलिस प्रशासन ने छापामार कार्रवाई कर दी। मौके से रेस्टोरेंट के कमरों से कई आपत्तिजनक वस्तु और 5 लड़की और चार लड़कों को हिरासत में लिया है। जिन्हें थाने भेजा गया है। अब इन सभी लोगों से पुलिस पूछताछ करेगी।

## छोटी सी नौकरी भी नसीब न थी... फिर ऐसा खेल, छह माह में बने करोड़पति, पेट्रोल पंपय 50 बीघा खेत और आलीशान घर



एटा के जलेसर में कोकीन व हेरोइन जैसे मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले जलेसर थाना क्षेत्र के तीन आरोपियों में से दो देखते ही देखते करोड़पति बन गए। पेट्रोल पंप, खेती, चिलर, फाइनेंस कारोबार व बेशकीमती मकान के मालिक बने हुए हैं।पुलिस के मुताबिक आशीष यादव का एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ है। इसकी देवक. रनपुर में स्थित एक पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी है। वहीं, गांव में लगभग 50 बीघा खेत है। इसने पिछले छह माह के अंदर ही लगभग एक करोड़ रुपये का घर जलेसर कस्बा के सासनी रोड पर बनाया है। विवाह में एसयूवी कार दहेज में मिली है। महेश यादव एक किसान नेता है, जो एक किसान यूनियन का जिलाध्यक्ष भी रह चुका है। इसके दो भाई राजकुमार और उमेश गांव में रहते हैं। लगभग 20 बीघा से अधिक जमीन है। जलेसर कस्बा के साथ ही बहराइच में भी चिलर और फाइनेंस का काम चलता है।वह आगरा चौराहे पर एक होटल खोलने की तैयारी कर रहा था। गांव में लगभग एक करोड़ रुपये से नया मकान बनवाया है और दिल्ली में ओला उबर कंपनी में तीन कारें चल रहीं हैं। एक बोलेरो कार भी है, जो विवाह में मिली थी। आरोपी सीटू का गांव में ढाई बीघा का खेत है। एक वर्ष से नोएडा में नौकरी कर रहा है। पिता की शराब पीने की वजह से कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। नौ वर्ष पूर्व सीटू का विवाह हुआ है और इसके पास एक पुत्र है। पकड़ी गई हेरोइन और कोकीन को नववर्ष पर आगरा, एटा और हाथरस में सप्लाई करने की योजना थी। पुलिस ने इनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। सीओ जलेसर नितीश गर्ग ने बताया कि आरोपियों की संपत्तियों का मामला भी जानकारी में आया है। इसकी जांच कराई जा रही है। साथ ही इनका आपराधिक इतिहास भी तलाशा जा रहा है।

## रात में ट्रेन आने के बाद .गांव पहुंचना मुश्किल



एटा। जिला मुख्यालय से आगरा और टूंडला के लिए भारी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। कम किराए के कारण लोग बस की जगह ट्रेन की यात्रा पसंद करते हैं, लेकिन इन दिनों समस्या खड़ी हो गई है। सुबह जल्दी और शाम को देरी से यात्री गाड़ी लौटती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का गांव पहुंचना मुश्किल हो जाता है।जिले से एक मात्र ट्रेन का संचालन हो रहा है, जो सुबह को टूंडला से एटा आती है और वापस आगरा के लिए रवाना हो जाती है। एटा से आगरा फोर्ट के लिए सुबह 7रू30 पर ट्रेन निकलती है। इसके माध्यम से काफी संख्या में लोग दवाई लेने व अन्य कार्यों से आगरा जाते हैं। सर्दी बढ़ने के कारण लोग जल्दी स्टेशन तक नहीं पहुंच पाते और ट्रेन निकल जाती है। जिसकी वजह से अधिक किराया खर्च करके आगरा जाना पड़ता है।वहीं शाम के समय उधर से लौटते समय रात के 8रू30 या इससे भी ज्यादा समय हो जाता है। जिसके कारण गांव तक पहुंचने के लिए वाहन नहीं मिलता है। स्टेशन पर या रैन बसेरे में रुकना पड़ता है। सुबह ही घर जा पाते हैं। इसलिए या तो इस ट्रेन का समय परिवर्तन किया जाए या फिर फेरे बढ़ाए जाएं।शहर के लोगों के लिए तो कहीं तक व्यवस्था ठीक है। गांव के लोग तो सुबह जल्दी आते हैं और शाम को लौटने पर देर हो जाती है। इसलिए ट्रेन के समय में परिवर्तन होना चाहिए। जिससे कि सभी लोगों को रेल यात्रा का लाभ मिल सके। –शांतनु कुमार, छछैना

जिले के बहुत से लोग ऐसे हैं जो रेल यात्रा के भरोसे ही आगरा का सफर करते हैं। दवा के लिए पैसों की व्यवस्था मुश्किल सो हो पाती है। ऊपर से बस में लगने वाला एक व्यक्ति का 125 रुपये का महंगा किराया जेब पर बोझ बन जाता है। –वेदवती देवी, गोविंद नगर

स्थानीय जनप्रतिनिधि की ओर से जब तक कोई मांग पत्र रेल मंत्रालय को नहीं मिलेगा, तब तक यात्री गाड़ी के समय परिवर्तन या नई ट्रेन के संचालन को लेकर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा अगर जनता और स्थानीय व्यापारीगण भी पत्राचार करें तो बात बन सकती है। –शशिकांत त्रिपाठी, प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी उमरे प्रयागराज

### पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

### आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो: 8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा